दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 242 मुरादाबाद, 22 December 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार



### मायावती ने कहा, गठबंधन में शामिल नहीं होने वाले दलों पर टीका-टिप्पणी उचित नही

बसपा सुप्रीमो मायावती ने संसद से निलंबित किए गए 150 से ज्यादा सांसदों के मुद्दे पर कहा कि विपक्ष विहीन संसद ठीक व्यवस्था नहीं है। हालांकि, संसद की सुरक्षा में सेंध लगना भी बड़ा मामला है।बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि जो दल इंडिया गठबंधन में शामिल नहीं हैं, उन पर बे-फिजूल टीका-टिप्पणी करना उचित नहीं है। भविष्य में जनहित में कब किसकी जरूरत पड़ जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है। ऐसे में बाद में शर्मिंदगी उठानी पड़ सकती है। समाजवादी पार्टी इसका जीता-जागता उदाहरण है।बृहस्पतिवार को जारी अपने बयान में बसपा सुप्रीमो ने संसद में हंगामे पर कहा कि संसदीय मर्यादा का पालन करना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सांसदों के निलंबन को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह संसदीय इतिहास के लिए दुखद और लोगों के विश्वास को आघात पहुंचाने वाला है। निलंबित सांसदों द्वारा राज्यसभा के सभापति का संसद परिसर में मजाक उड़ाने का वीडियो वायरल होना भी अनुचित और अशोभनीय है। बिना विपक्ष के बिल पारित होना भी गलत परंपरा है।उन्होंने संसद की सुरक्षा में हुई चूक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि संसद की सुरक्षा में सेंधमारी गहन चिंता का विषय है। हमें मिलकर संसद की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। एक-दूसरे पर दबाव डालने से काम नहीं चलेगा। आरोपियों और साजिशकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है। सुरक्षा एजेंसियों को भी अधिक सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने आगे कहा कि बसपा धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ जल्द बनने वाली मस्जिद के उद्घाटन पर उसे कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि बीते कुछ वर्षों में धर्मस्थलों के नाम पर जो घिनौनी राजनीति हो रही है, उससे देश कमजोर होगा और इससे लोगों के बीच नफरत बढ़ेगी।

## भारत के संविधान में संशोधन की अटकलों को PM मोदी ने खारिज किया, फिर सरकार बनाने के सवाल पर कही ये बात

मोदी ने कहा कि देश उड़ान भरने के लिए तैयार है और वह अगले साल होने वाले आम चुनावों में जीत को लेकर बहुत आश्वस्त हैं। अब बस इस उड़ान में तेजी लाई जाए और इसे सुनिश्चित करने करने के लिए सबसे अच्छी पार्टी कौन सी है यह वह जानते हैं। पिछले दिनों देश में संविधान में संशोधन को लेकर छिड़ी बहस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विराम लगा दिया है। उन्होंने संविधान में संशोधन किए जाने की किसी भी बात को निरर्थक बताते हुए खारिज कर दिया। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने सबसे परिवर्तनकारी कदमों को ऐसा कुछ किए बिना और जन भागीदारी के जरिए साकार किया गया है। यह लाए बदलाव- एक साक्षात्कार में मोदी ने देश में लाए गए बदलाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छ भारत, शौचालय निर्माण अभियान से लेकर करीब एक अरब लोगों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने तक के सफर का हवाला दिया।

### देश उड़ान भरने के लिए तैयार

मोदी ने कहा, देश उड़ान भरने के लिए तैयार है और मैं अगले साल होने वाले आम चुनावों में जीत को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। अब बस चाहता हूं कि इस उड़ान में तेजी लाई जाए और इसे सुनिश्चित करने करने के लिए सबसे अच्छी पार्टी कौन सी है यह पता है। उन्होंने कहा कि उड़ान में तेजी लाने के लिए वहीं पार्टी सबसे अच्छी है, जो उन्हें यहां तक लेकर आई है।

### 10 साल पहले की आकांक्षाओं से अलग

पीएम मोदी ने साक्षात्कार के दौरान अपनी सरकार द्वारा आम आदमी के जीवन में लाए बदलाव का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की आकांक्षाएं 10 साल पहले की आकांक्षाओं से अलग हैं। बता दें, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में लौटने और मध्य प्रदेश में अगले साल गर्मियों में होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले पार्टी को बरकरार रखने के कुछ दिनों बाद उनकी यह टिप्पणी आई है।

### हिंदू गणराज्य बनाने पर चिंता

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर मोदी की जीत तीसरी बार भी होती है, तो समर्थक इस बात की पुष्टि कर देंगे, जो वो कहते हैं कि उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था और वैश्विक सम्मान का निर्माण किया है, लाखों लोगों के जीवन में सुधार किया है और बहुसंख्यक हिंदू धर्म को सार्वजनिक जीवन के केंद्र में रखा है। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने इंडिया के तहत गठबंधन किया है, जो देश के संस्थापकों के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर हमला होने के बावजूद लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का वादा करता है। इसमें कहा गया है कि मोदी के विरोधियों को चिंता सता रही है कि अगर वो तीसरी बार जीतते हैं तो वह इसका इस्तेमाल भारत को स्पष्ट रूप से हिंदू गणराज्य बनाने के लिए संविधान में संशोधन करके करेंगे।



### आलोचकों को अपनी राय रखने का अधिकार

इस पर मोदी ने कहा कि भाजपा के आलोचकों को अपनी राय रखने का अधिकार है। हालांकि इस तरह के आरोपों के साथ एक बुनियादी मुद्दा है, जो अक्सर आलोचना के रूप में दिखाई देते हैं। ये दावे न केवल भारतीय लोगों की बुद्धिमत्ता का अपमान करते हैं, बल्कि विविधता और लोकतंत्र जैसे मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को भी कम आंकते हैं।

### दुनिया आपस में जुड़ी हुई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की विदेश नीति के दृष्टिकोण को विस्तृत करते हुए इसे राष्ट्रीय हितों के साथ जुड़े व्यावहारिक संबंधों पर केंद्रित मिक्स-एंड-मैच डिप्लोमेसी बताया। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, दुनिया आपस में जुड़ी हुई है और एक-दूसरे पर निर्भर भी है। उन्होंने वैश्विक गतिशीलता की जटिलता को भी रेखांकित किया और इस बात पर जोर दिया कि विदेशी मामलों में भारत का सबसे प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धांत उसका राष्ट्रीय हित है।

पीएम मोदी के अनुसार, यह दृष्टिकोण, भारत को विभिन्न देशों के साथ इस तरह से जुड़ने में सक्षम बनाता है

जो पारस्परिक हितों का सम्मान करता है और समकालीन भू-राजनीति की जटिल प्रकृति को स्वीकार करता है। मोदी ने कहा, विदेश मामलों में हमारा सबसे महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्धांत हमारा राष्ट्रीय हित है। उन्होंने कहा, यह रुख हमें विभिन्न देशों के साथ इस तरह से जुड़ने की अनुमति देता है जो आपसी हितों का सम्मान करता है और समकालीन भू-राजनीति की जटिलताओं को स्वीकार करता है।

## किसान नेता राकेश टिकैत बोले: किसानों के हित में काम नहीं करतीं सरकारें, संसद की सुरक्षा में चूक पर कही ये बात



किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को गन्ना भुगतान डिजिटल तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार हो किसानों के लिए काम नहीं करती है।भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत संगठन की समीक्षा बैठक के लिए बृहस्पतिवार को श्रावस्ती जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में बहराइच के जरवल में उनका स्वागत हुआ। उन्होंने कहा कि सरकारें कोई हों किसानों के हित में काम नहीं करती हैं।उन्होंने कहा कि संसद में घुसने वालों का पास किसने बनाया यह भी सबको बताना चाहिए। इसके साथ ही गन्ना भुगतान डिजिटल करने की भी मांग की। श्रावस्ती जा रहे राकेश टिकैत का जरवल में पूर्व जिलाध्यक्ष मोहनलाल वर्मा के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट किया।राकेश टिकैत ने कहा कि संगठन के लोगों से मिलकर उनकी समस्या जानने के लिए समय-समय पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है।

जहां संगठन के लोगों के साथ बैठकर आपस में एक दूसरे के साथ चर्चा की जाती है। बहराइच में संगठन के दो गुटों में बंटा होने के सवाल पर टिकैत ने कहा कि संगठन के सभी लोग एक है। मिल जुलकर काम करेंगे। जिलाध्यक्ष के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई परमानेंट पद नही होता है जानकारी कर कार्यवाही की जाएगी। राकेश टिकैत ने किसानों की समस्या पर कहा कि किसी की भी सरकार हो किसान हित में कोई काम नहीं करता है। सभी सिर्फ हवाहवाई बातें करते हैं। इस अवसर पर पुत्ती लाल यादव, अजय वर्मा, रामराज सिंह, प्रकाश चंद वर्मा, मोहम्मद सगीर, रामकिशोर वर्मा, शैलेंद्र प्रताप सिंह, समर सिंह, राधेश्याम यादव, श्रीमान वर्मा, प्रमोद कसौधन, आवेश अहमद, पार्वती गौतम, उषा देवी, आरती देवी, बिट्टू देवी, सुषमा, गोल्डी, नर्वदे प्रसाद गौतम समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएम योगी ने मजाकिया अंदाज में मोमोज वाले से पूछा, क्या सांसद ने किया पेमेंट? लगे हंसी के ठहाके

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के समीप आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम शामिल हुए थे। उनके साथ सीएम योगी, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ राधामोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत कई नेता मौजूद थे। सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए हुए हैं। कई कार्यक्रमों में उनके साथ सांसद रवि किशन भी मौजूद रहें। सीएम योगी आदित्यनाथ और सांसद रवि किशन साथ में रहते हैं तो अक्सर माहौल हंसनुमा बना रहता है। इसी क्रम में बुधवार को सीएम योगी ने सांसद रवि किशन की चुटकी ली। उन्होंने एक दुकानदार से पूछा कि मोमोज खाने के बाद रवि किशन ने पेमेंट किया कि नहीं...। इस सवाल पर वहां मौजूद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेता हंसने लगे। रवि किशन भी मुस्कुराते हुए दुकानदार से



बोलते हैं कि बताओ भाई पैसे दिए कि नहीं, दुकानदार ने कहा कि हां दिए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के समीप आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम शामिल हुए थे। उनके साथ सीएम योगी, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ राधामोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस बीच एक प्रोग्राम के दौरान सीएम योगी ने एक दुकानदार से पूछा कि इनमें (भाजपा नेताओं) से कोई तुम्हारी दुकान पर आया था, जिसपर दुकानदार ने सांसद रवि किशन का नाम लिया था।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बोले- पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य को विकास से जोड़ा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि अब देश में एम्स की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले यह संख्या केवल छह थी... केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने नागरिकों के स्वास्थ्य को सीधे तौर पर देश के आर्थिक विकास से जोड़कर देखा। उन्होंने नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए आयुष्मान योजना जैसी अनेक योजनाओं की शुरुआत की। इसका परिणाम सामने आ रहा है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। इसका असर देश के विकास पर भी दिखाई पड़ रहा है और देश लगातार आगे बढ़ रहा है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पात्र लोगों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इससे अपने परिजनों का इलाज कराने में लोगों को कर्ज के जाल में फंसने



से मुक्ति मिली है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि अब देश में एम्स की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले यह संख्या केवल छह थी। सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज यानी किसी को पीछे न छोड़ने के दृष्टिकोण के साथ शुरू हुई प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से लगभग 55 करोड़ लोगों को लाभ हो रहा है। इस योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 सितंबर 2018 को रांची (झारखंड) से प्रारंभ किया था। सरकार का दावा है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम बन चुका है।

### आदिवासियों को लाभ

मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के कारण अब आदिवासी समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल रही है। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम से आदिवासी आबादी के बीच सिकल सेल रोग से उत्पन्न स्वास्थ्य चुनौतियों का निदान संभव होगा। स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के सबसे निचले स्तर तक ले जाया जा रहा है, जिससे हर नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज के लक्ष्य के साथ पिछले नौ वर्षों में इनकी संख्या 350 से बढ़ाकर 700 से ज्यादा की गई है। एमबीबीएस सीटों की संख्या 52 हजार से बढ़ाकर एक लाख आठ हजार से अधिक की गई है। पीजी सीटों की संख्या 32 हजार से बढ़ाकर 70 हजार से अधिक की गई है। 10 हजार से ज्यादा जन औषधि स्टोर खोले गए और अब इनकी संख्या को 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार से अधिक किया जा रहा है।

जनमन मिशन से आदिवासियों को 24 हजार करोड़ का लाभ- स्वयं एक आदिवासी समाज से आने वाले केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार ने आदिवासी क्षेत्रों के संपूर्ण विकास के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जन मन) की शुरुआत की है। पीएम जन मन मिशन का लक्ष्य विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की योजनाओं के माध्यम से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के विकास का है। उन्होंने बताया कि इस मिशन से विभिन्न मंत्रालयों की लगभग 24,000 करोड़ रुपये की योजनाओं का लाभ जनजातीय समूहों को हो रहा है।

## संपादकीय Editorial

# How justified is the suspension of MPs?

New Parliament House and new, unprecedented order…In a single day, simultaneously, 78 MPs from Lok Sabha and Rajya Sabha were suspended. The Speaker and Chairman have given this punishment to 33 opposition MPs of Lok Sabha and 45 of Rajya Sabha. Earlier 14 opposition MPs were suspended. On Tuesday, 49 more opposition MPs of the Lok Sabha were suspended. These include Himachal's Mandi MP Pratibha Singh. In this way, a total of 141 opposition MPs were shown the door in the winter session itself. These are extremely cruel and totalitarian decisions. The Speaker and the Chairman have their own privileges. We have been a constant witness to parliamentary proceedings. When were there no ruckus in the House, sloganeering, poster making and protests reaching the Speaker's seat? To us, these seem to be parts of parliamentary democracy. When BJP was in opposition, Parliament proceedings were not allowed to proceed for several days on various alleged scams. The uproar was so fierce and loud that we had to write – Do not make Parliament an arena. Is this Parliament or a market…! What is the point of Parliament? But still such orders were never given that the MPs were suspended for the entire session! In the year 1989, there was Rajiv Gandhi's government. Then, when the opposition created an uproar over the Thakkar Commission report related to the assassination of former Prime Minister Indira Gandhi, 63 MPs were suspended. That was the pinnacle. After that, in the 10 years of the Congress led UPA government between 2004-May, 2014, 50 opposition MPs were suspended, but during the period 2014-23, during the Modi government, 201 opposition MPs have been suspended so far. The case of 3 MPs of Lok Sabha and 11 MPs of Rajya Sabha has been handed over to the Privileges Committee.

Its report may come in three months, so the opposition MPs will remain suspended till then. The winter session is the last session of the current Lok Sabha. After that, Vote on Account will be presented in February and the full budget can be presented in July. Of course the opposition has behaved indecently. Not only the ruckus, they even tore the rule book in anger and rage. Even actions like uprooting the microphone from the seat have been taken. Waving placards in the House is a common thing. MPs have even danced by climbing on the tables. Even Leader of Opposition in Rajya Sabha Mallikarjun Kharge refused to follow the instructions of Chairman Jagdeep Dhankhar. Even the leader of the Congress Parliamentary Party in the Lok Sabha, a kind of leader of the opposition, Adhir Ranjan Chaudhary has been suspended. Actually, we are not judges, but we are definitely vigilant sentinels of Parliament and democracy. Without the effective presence of the opposition, Parliament appears 'handicapped'. Mandates were achieved by all the elected MPs. Suspensions can also be symbolic. The unruly MPs could have been thrown out of the House for some time. When the session itself is nearing its end, what will the ruling party alone do? Will he continue to get the bill passed by voice vote? Then what is the need for an opposition-free Parliament? We also believe that Prime Minister Modi or Home Minister Amit Shah should not give any statement in the House on the Parliament infiltration issue until they receive concrete findings and information from the investigation. Still the opposition could be persuaded. The action of suspension is not appropriate.

# Environment: Responsibility of developed countries, will have to contribute to achieve the target of fossil fuels

Developed countries will have to contribute generously to the Climate Fund to meet the fossil fuel target, otherwise it will remain a mirage. The recently concluded United Nations Climate Change Conference (COP 28) in Dubai called for an equitable and systematic transition from fossil fuels to the world's energy systems, which is being described as a victory for India compared to earlier conferences. . COP 28 provided a level playing field for India and other developing countries, while the COP 26 declaration held in Glasgow called for a 'phased-out continued coal power', which is critical to our energy needs. COP 26 did not mention fossil fuels like oil and gas, which are used by developed countries including the US. The 'Dubai Consensus' is being termed as a historic event, which has been signed by 200 countries. Critics, however, say this success may be short-lived, as coal, oil and gas production continues to grow and fossil fuel companies have been working on plans to increase production for decades. According to the data, many countries are still completely dependent on fossil fuels for revenue and economic growth, making the path forward difficult, but it is a good start to tackle the climate crisis. Environmental experts say India's strategy and policy is in line with the Dubai Declaration, which provides credibility and foresight to limits on allowing new and continued coal production in many countries. Prime Minister Narendra Modi has demonstrated his resolve to make climate action a collaborative process that leaves no one behind and takes all countries together to achieve the ultimate goal. India called upon every country to adopt the Dubai Consensus. Experts say India demonstrated through its presidency of the G-20 for climate action that its resolve is based on the principle of collective action, which ensures participation of every country. Cop 28 reflects India's philosophy of 'Vasudhaiva Kutumbakam'. India has already demonstrated its resolve to become carbon-neutral by 2070, so it has no plans to re-adopt coal-fired power stations before 2030. Due to the importance and pressure of India and China, the reference to 'limiting permission for new and uninterrupted coal based power generation' was removed from the Dubai Consensus document, which is in the interest of both the countries and beneficial in the long term. Experts suggest that developed countries will have to contribute generously to the fund aimed at achieving the fossil fuel target, otherwise it will remain a mirage. Critics have objected to the COP 28 agreement, which does not comprehensively detail all the factors required to meet future carbon emissions targets. Many scientists have raised concerns over carbon capture, which is still unproven. Analysts believe that the biggest shortcoming of COP 28 is the lack of commitment and resolve of developed countries towards providing adequate funds to climate-affected countries so that they can strengthen their economies besides moving towards renewable energy and addressing the climate crisis. Be able to adapt to increasing impacts and achieve net zero targets by 2050. The final draft of the agreement does not mention the earlier commitment by developed countries to provide $100 billion per year, which has not yet been fulfilled. Only $470 million has been committed, which needs to be increased. In this background, climate experts and scientists believe that developing countries have no other option but to move towards new goals. These countries are driven by their energy needs and weak economic conditions, so oil, gas and coal will continue to be used, although COP 28 may offer a way to understand the serious consequences of future climate disasters.

# Control: Strict action needed to stop arbitrariness of pharmaceutical companies, playing with health

Pharmaceutical companies are playing with public health for their own benefit, on which standard controlling organizations should take strict action. In a research paper published in 'Journal of Pharmaceutical Policy and Practice', 'fixed dose combination' of antibiotics Concern has been expressed over arbitrary trading and its adverse effects. In this research paper, caution has also been given to protect the health of the Indian people. The idea of preparing a compound medicine by mixing several medicines to be given to a patient was accepted so that it would make it convenient for the patient to take the dose, but due to the arbitrariness of the pharmaceutical companies, such combinations were increased arbitrarily, while the controlling institutions Taking advantage of the weakness of the WHO, the formulations were launched in the market without approval. This research paper was co-authored by world renowned physicians, Petr Brilikova (UK), Aashna Mehta (India), Patricia McGettigan (UK), Alison M Pollock. (UK), Peter Roderick (UK) and Habib Hassan Farooqui (Qatar). In 2008, licenses for 68 medicines for making antibiotic 'fixed dose combinations' were issued and 47 medicines were banned, but by 2020, drug producing companies had launched 60.5 per cent of such medicines in the market of antibiotic 'fixed dose combinations', which were Approval was not taken. Not only this, 9.9 percent of such antibiotics started being sold in 'fixed dose combinations', which were banned. Thus, 15.9 percent of antibiotic fixed dose combinations launched in the market in 2020 were unapproved. Research has expressed concern that the use of the wrong antibiotic or its combination with other medicines affects the immunity of the human body and then other medicines also do not work. One-third of antibiotic fixed dose combinations approved in India are not approved by the World Health Organization. The arbitrariness of the pharmaceutical companies has been such that the 39 formulations which were banned in 2018 and 2019 also remained in the market in 2020. Even the combinations that were sold the most in 2019 were not given permission to be sold by WHO. Similarly, out of the 20 best-selling formulations in 2020, 13 were also not approved by the World Health Organization. This is the reason why the sales of antibiotic combinations increased in 2020 compared to 2008. In recent years, Indian pharmaceutical companies have damaged the country's image in the world market. In 2018, the substandard medicines produced by the pharmaceutical companies of Himachal were investigated and after 13 companies were found to be substandard in gastric, hypertension, pain reliever, diabetes, iron, kidney transplant, multi vitamin and cholesterol reducing medicines, the Central Drug Standard Control The organization took action. Even in the year 2020, during the investigation by this organization, 46 types of medicines manufactured in different states of the country were found not to meet the standards. 13 types of medicines manufactured by eight drug manufacturers of Himachal did not meet the standards. Apart from these, 41 medicines manufactured in pharmaceutical industries of Uttarakhand, Madhya Pradesh, Gujarat, Bihar, Sikkim, Maharashtra, Haryana, West Bengal, Delhi, Kolkata, Tamil Nadu, Uttar Pradesh and Rajasthan were also found to be substandard in the test. In October 2022, the cause of death of 66 children in the West African country Gambia was an Indian cough syrup, which was manufactured by a company based in Sonipat, Haryana. Due to this the image of the country was tarnished. In January this year, 20 children in Uzbekistan died after drinking substandard cough syrups called Ambronol and Dok-1 Max. Even then questions were raised about the poor quality cough syrup made in India. It is a matter of concern that pharmaceutical companies are arbitrarily playing with public health for their own profit. The drug controlling organization 'Central Drugs Standard Control Organization' should take strict action in this direction and make the quality of drug production reliable.

## Politics: Handing over the command of BSP to nephew, an attempt to give a young face, with an eye on strengthening the basic Dalit base.

Handing over the command of BSP to the nephew is undoubtedly an attempt by the party which is losing its base in the changing politics to save its existence, but the party no longer shows that ideological courage and organizational dynamism on the basis of which it created an earthquake a decade and a half ago, especially in the politics of Uttar Pradesh. Had brought. Lok Sabha elections are now a few months away. But just before that, BSP supremo Mayawati's decision to appoint her 28-year-old nephew Akash Anand as her political successor appears to be a desperate attempt to rejuvenate her tired and rapidly disappearing party from the political scene. The main objective of his move is to stop the exodus of young Dalit supporters from the party, including those from his own Jatav sub-caste, who till recently had remained loyal to the party despite its unfortunate performance in the elections. By appointing a London-educated and MBA degree holder as her successor, Mayawati is hoping to give a modern face to a political party which is rapidly lagging behind with time. However, this does not at all mean that sister has any intention of retiring from active politics. He has made it very clear that the country's most populous state Uttar Pradesh and the neighboring state Uttarakhand will remain his territories, while his nephew will look after the interests of the party in other places of the country. However, there is no doubt that Mayawati will remain as powerful within the party as before and the young BSP leaders will follow her lead. Like her mentor Kanshi Ram, the sister, who had stayed away from dynastic politics for most of her tumultuous political career, Ji first showed signs of moving away from his old thinking about five years ago after the 2019 Lok Sabha elections, when he made his younger brother Anand Kumar the vice-president of BSP and his son Akash as the national coordinator. Although Anand was considered her favorite in the entire family, even when she was in power, she discouraged Anand from taking up any position within the party or the government. Now, if Mayawati is seeing her nephew Akash as the future of BSP, then it should not be surprising, because for many years, there has been no glimpse of the socio-political movement started by Kanshi Ram in BSP and now that too. Like other political parties, it has become a leader-centric party. In her heyday, when Behenji's personal ambitions were at their greatest, she tried to strike a balance between grassroots party coordinators and key bureaucrats and political advisors. But today when she is facing a sharp and irreversible decline on the political front, this model is proving to be of no use to her and she may have to turn to her family for survival in the changing environment of Indian politics. They have no other option left. Unfortunately, this is not an easy time for the BSP supremo and her young political successor to take over the party which had promised to usher in a new era in Indian politics. Repeated electoral defeats across the country have become a normal thing for BSP. Last year, the party suffered a setback in its bastion Uttar Pradesh, when it was reduced to just one seat in the 403-member assembly in the state assembly elections.

## द्वितीय उप समिति, माश सदस्यों, तथा सचिव ने आईश्रसीश्रसीश्रसीश्र का निरीक्षण किया

क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-श्री महबूब अली माननीय सभापति उत्तर प्रदेश विधान मंडल की लोक लेखा समिति 2022-23 की द्वितीय उप समिति, माश सदस्यों, तथा सचिव ने आईश्रसीश्रसीश्रसीश्र का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अवगत कराया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कमिश्नरी, महिला थाना, सर्किट हाउस, पीली कोठी, फब्बारा चौक, काशीपुर तिराहा सहित अन्य मुख्य चौराहों पर कैमरे लगाए गए हैं, जिससे शहर की निगरानी की जाती है। इसके साथ ही नगर आयुक्त ने बताया कि शहर में बिना हेलमेट के चलने वालों के भी इस कंट्रोल रूम से चालान किए जाते हैं और वाहनों के नंबर प्लेट को स्कैन करके 5 मिनट में चालान की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। शहर को 400 हाई क्वालिटी कैमरों से आच्छादित किया गया है, जिससे जनपद की व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी हो सके। शहर के मुख्य मार्गों का समिति के माननीय सभापति एवं सदस्यों द्वारा मुख्य मार्गों पर हो रहीं गतिविधियों का आईश्रसीश्रसीश्रसीश्रके माध्यम से लाइव प्रसारण को देखा गया। इसके साथ ही समिति द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों से बातचीत की गई। इस अवसर पर माननीय सभापति ने बंदियों को मिलने वाले खाने की गुणवत्ता को खाकर परखा गया। इस अवसर पर माननीय सदस्य विधान सभा उत्तर प्रदेश विधानमंडल की लोक लेखा समिति श्री रितेश गुप्ता, माश सदस्य विधान सभा श्री राकेश प्रताप सिंह, श्री पूरन सिंह, श्री पंकज मलिक, श्री राजीव कुमार सिंह, श्री श्याम बिहारी, डॉश मंजू सिचाव, सहित संयुक्त सचिव शरद शुक्ला, निजी सचिव जयप्रकाश तिवारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने दी केंद्रीय योजनाओं की जानकारी




मुरादाबाद- कांठ विधानसभा के बूथ नंबर एक दरियापुर में पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व राज्यसभा सांसद डा. जफर इस्लाम का स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामवासियों से विकास कार्य की जानकारी ली। अपने सांसद निधि द्वारा किए गए कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि सांसद निधि से गांव में सीसी सड़क, नाला और हाई मास्ट लाइट, सोलर लाइट प्लांट और सरकारी स्कूल में बच्चों के लिए सुविधा स्वरूप पार्क बनने का निरीक्षण किया। पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू और सामाजिक कार्यकर्ता गजेंद्र सिंह ने सांसद द्वारा कराए कार्य की प्रशंसा की। कहा कि 70 साल में यह गांव विकास को नहीं देख पाया था लेकिन जफर इस्लाम ने इस गांव की कायाकल्प कर दी। ग्राम प्रधान प्रेम सिंह ने कहा कि जब भी उन्होंने ग्रामवासियों के लिए कार्य कराने के लिए कहा पूरा सहयोग मिला। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ राम किशोर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, पूर्व जिला मंत्री अभिषेक सिंह निशु, ओमपाल सिंह सैनी, भानु प्रताप सिंह, मयूर भाटिया, अरुण पंडित, विक्रांत चौधरी, सत्यवान सिंह, ग्राम प्रधान दरियापुर प्रेम सिंह, बूथ अध्यक्ष अमीचंद्र सैनी, पुष्पेंद्र चौधरी, डॉ जितेंद्र सिंह, राजपाल सिंह प्रजापति, बबलू, मेवाराम सिंह, शेर सिंह, दिनेश कुमार, किशन स्वरूप, रामवीर सिंह, जय सिंह, महिपाल सिंह, जयप्रकाश, सोरेन सरदार आदि उपस्थित रहे।

## 15 वर्षो से फरार वारंटी गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मुरादाबाद कार्यवाही- श्रीमान पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद श्री आशुतोष शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे वांछित व वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे महोदय सर्किल सहारनपुर के निकट पर्यवेक्षण व मुझ थानाध्यक्ष उधम सिंह तालान थाना जी.आर.पी. बडौत के नेतृत्व में मय टीम के तलाश व दबिश वारण्टी अभि0 के दौरान माननीय न्यायालय बागपत के आदेश के अनुपालन में विगत 15 वर्षो अपने गांव से चल व अचल संपत्ति को बेचकर परिवार सहित गिरफ्तारी से बचने के लिये फरार चल रहे वारंटी अभि0 व एच.एस. 704 ए नितिन पुत्र यशोवर्धन निवासी ग्राम बुढपुर थाना रमाला जिला बागपत हाल निवासी म0नं0-बी-15/115 महेश पार्क के पास नई कालोनी थाना मोदीनगर जिला गाजियाबाद उम्र-33 वर्ष सम्बन्धित वाद सं0- 84/09 व मु0अ0सं0 51/08 धारा 2/3 गैग0एक्ट थाना जीआरपी बड़ौत को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## 1.18 करोड़ रुपये से चार स्थानों पर बनेगी पार्किंग, स्मार्ट रोड नेटवर्क का काम पूरा करने का मंडलायुक्त ने दिया निर्देश





मुरादाबाद- स्मार्ट सिटी मिशन की निदेशक मंडल की बैठक मंडलायुक्त कार्यालय में चल रही है। नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी मिशन के सीईओ संजय चौहान चल रही परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के अन्तर्गत यातायात प्रबंधन के लिए 1.18 करोड़ रुपये से चार स्थानों पर पार्किंग बनेगी। इससे यातायात प्रबंधन में आसानी होगी। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी में प्रोमोशन आफ कल्चरल प्रोग्राम एंड इवेंट को लेकर चर्चा हुई। मंडलायुक्त ने सड़क किनारे बिजली के खंभे कब तक हट जाएंगे इसकी जानकारी बिजली विभाग के अभियंता से सवाल पूछा। तो उन्होंने बताया कि कार्यदायी संस्था के स्तर से काम लंबित है। इसमें डेडलाइन तय कर काम कराने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने बुध बाजार से खंभे अतिशीघ्र करने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने बताया कि दिसंबर अंत या 15 जनवरी तक काम पूरा करा लेने का निर्देश दिया। स्मार्ट सिटी मिशन के मुख्य अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि जनवरी के अंत तक रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड एरिया का काम पूरा करा लेंगे। मंडलायुक्त ने आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई।हरथला में बिजली के खंभों को हटवाने, नाला निर्माण काम जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। 1.35 करोड़ रुपये इस पर लगाने के लिए नगर आयुक्त ने उपाय करने की बात कही। कल्चरल इवेंट एंड प्रोमोशन को लेकर मंडलायुक्त ने काम तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसका पूरा चार्ट बनाने के लिए कहा। मंडलायुक्त ने कहा कि महानगर की जरूरत के अनुरूप विकास कराने पर जोर दिया। मंडलायुक्त ने स्मार्ट सिटी के बोर्ड लगवाने के लिए कहा। बैठक में मुरादाबाद ुमार, मुख्य अभियंता अनिल कुमार मित्तल, नोडल अधिकारी एके मिश्र, बिजली विभाग के मुख्य अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस पेंशनर्स में उपाध्यक्ष पद के चुनाव में वोटिंग शुरू, मतदाताओं की जुटी भीड़



मुरादाबाद- यूपी पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्था की जिला इकाई में उपाध्यक्ष के रिक्त पद पर चुनाव के लिए पुलिस लाइन में बुजुर्ग पेंशनरों की भीड़ जुटी है। काफी संख्या में मतदाता मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पुलिस लाइन पहुंचे हैं। मतदान को लेकर बुजुर्ग पेंशनरों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। चुनाव अधिकारी सीओ शैलजा मिश्रा एवं निरीक्षक लखपत सिंह ने बताया कि उपाध्यक्ष के एक पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इनमें करण सिंह सैनी, मूला सिंह और दिनेश सिंह यादव उम्मीदवार हैं। इस चुनाव में कुल 946 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पेंशनर्स कल्याण संस्था के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने बताया कि उपाध्यक्ष रहे ऋषिपाल सिंह यादव ने तीन महीने पहले पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से उपाध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। इसी रिक्त पद के लिए निर्वाचन कराया जा रहा है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि वैसे तो कार्यकारिणी का चुनाव प्रत्येक 3 वर्ष पर होता है लेकिन, ऋषिपाल सिंह यादव के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद इस पद के लिए 2 साल के अंतराल में ही चुनाव करना पड़ रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि संगठन की कार्य समिति में करतार सिंह महासचिव हैं और मोहन दास, जयपाल सिंह एवं करन सिंह सैनी वर्तमान में सचिव पद के दायित्व को संभाल रहे हैं। चूंकि, करन सिंह सैनी उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में है इसलिए उनके निर्वाचन के बाद यदि वह उपाध्यक्ष पद पर चुनाव जीत लेते हैं मतदान के बाद प्रणाम की घोषणा की जाएगी।

## मेडिकल स्टोरों पर चला चेकिंग अभियान ,आधे से ज्यादा दुकानदार शटर गिराकर भागे

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा। शासन के निर्देश पर वृहस्पतिवार को औषधि निरीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार यादव ने नगर के पुष्पराज मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। वहां फार्मासिस्ट नहीं मिला,दवाओं का रखरखाव , साफ -सफाई खरीद और बिक्री का रिकार्ड नहीं मिला। जिस पर नाराजगी जताते हुए सभी रिकॉर्ड तुरन्त दुरूस्त करने को कहा वहीं श्रेया मेडिकल स्टोर खजुरियाघाट पर निरीक्षण किया गया। जैसे ही ड्रग्स इंस्पेक्टर की क्षेत्र में जांच पड़ताल करने की खबर अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों को लगी वह तुरन्त अपने -अपने शटर गिराकर फरार हो गए। औषधि निरीक्षक डॉक्टर राजेश यादव ने बताया आज मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया है। जहां अनियमितताएं पाई गई हैं। उनके खिलाफ सहायक आयुक्त को रिपोर्ट भेजी जाएगी।तथा भविष्य में गलती मिलने पर उनके लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की जाएगी।

## स्वास्थ्य विज्ञान में नवीनतम प्रगतियों पर मेडिकल मीट का आयोजन किया

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। यथार्थ सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने भारतीय इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन ऑफ के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण मेडिकल मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय चिकित्सकों को बेहतर प्रक्रियाओं और तकनीकों के बारे में सूचित करना था, विशेषकर ऑर्थोपेडिक सर्जरी, कार्डियक साइंसेस, और न्यूरोसाइंसेस के विषय पर। इसका उद्देश्य यह भी था कि यथार्थ हॉस्पिटल झाँसी और आस पास के शहरों के निवासियों को इन नवीनतम विकासों की जानकारी दी जाए। मेडिकल मीट में यथार्थ हॉस्पिटल के प्रमुख डॉक्टर्स शामिल हुए, जिन्होंने अपने विषयों की प्रगतियों पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित नाथ मिश्रा और डॉ. निखी गुप्ता ने ऑर्थोपेडिक सर्जरी में इलाज़ की नवीनतम तकनीकों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. अमित बथला और डॉ. योगेश द्विवेदी ने कार्डियक साइंसेस में की गई प्रगतियों पर चर्चा की। डॉ. मनीष पाटिल ने न्यूरोसाइंसेस में हुई नवीनतम प्रगतियों पर अपना विचार रखा। इन अनुभवी डॉक्टर्स ने अपने विभागों में प्राप्त उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया, यथार्थ हॉस्पिटल झाँसी में इस्तेमाल की जा रही तकनीकों पर विस्तृत जानकारियां दीं। यह सत्र, अन्य डॉक्टरों को निरंतर सीखने और इन नई तकनीकों से अवगत कराने के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में साबित हुआ। डॉक्टरों ने इस मीट में यह भी बताया कि यथार्थ हॉस्पिटल में इन सभी नवीनतम और मिनिमली इनवेसिव तकनीक से सर्जरी की जा रही है। डॉ. अमित नाथ मिश्रा, डॉ. निखी गुप्ता, डॉ. अमित बथला, डॉ. योगेश द्विवेदी, और डॉ. मनीष पाटिल से मिलकर एकत्रित पैनल ने साझा किया कैसे ये उन्नत प्रक्रियाएँ झाँसी के चिकित्सा स्थल में नए मानकों को स्थापित कर रही हैं। यथार्थ सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ओरछा - झाँसी ने समुदाय को सर्वोत्तम और सबसे नवीन स्वास्थ्य समाधानों की प्रदान करने के लिए समर्थ होने के लिए न तो केवल अपनी विशेषज्ञता को प्रदर्शित किया है, बल्कि इसने क्षेत्र के स्वास्थ्य में आगे बढ़ने के लिए अपने सतत प्रतिबद्धता का भी प्रमाण प्रस्तुत किया है।इस कार्यक्रम के अंत प्रशोत्तर सत्र भी था जिसमे डॉक्टरों के सवाल का यथार्थ हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने उत्तर दिया। यथार्थ सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ओरछा - झाँसी, आगे और मेडिकल विज्ञान के प्रगति में योगदान करने और समुदाय को और भी उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## किशोर को निर्वस्त्र कर मारपीट का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। एक किशोर के साथ कुछ लोगों द्वारा निर्वस्त्र कर मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ । पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। नवाबाद थानाक्षेत्र की विश्वविद्यालय चौकी में कक्षा दस के एक छात्र रितिक राजपूत ने एक शिकायती पत्र दिया जिसमें बताया गया कि वह सुबह शिवाजी नगर में पार्क के पास अपने मित्र रोहित के साथ बैठा था उसी समय हर्ष यादव अपने कुछ साथियों सहित वहां आया। रितिक को बात करने के लिए हर्ष ने बुलाया और अपने साथियों के साथ मिलकर गाड़ी में खींच कर डाल लिया। इसके बाद हर्ष रितिक को ओरछा के पास जंगलों में ले गया। जंगल में रितिक के साथ हर्ष और उसके साथियों ने न केवल मारपीट की बल्कि उसको निर्वस्त्र कर वीडियो भी बना लिया। वीडियो बनाने के बाद सभी हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पूरे मामले में रितिक ने वापस आने के बाद पुलिस के समक्ष शिकायती पत्र दिया है। मामले में एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कक्षा 10 के छात्रों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। दोनों ही पक्षों को थाने पर बुलाया गया है और जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## हाईवे पर पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बेजुबान चार गायों की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



मऊरानीपुर एक ओर योगी सरकार द्वारा आवारा घूम रहे पशुओं को गौशालाओं में भेजने के लिए तमाम निर्देश जारी किए जा रहे हैं। लेकिन अधिकारियों को पकड़ कर गौशालाओं में भेजने के लिए दिए गए आदेश की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। सरकार गायों के रखरखाव एवं खान पान के लिए लाखों रुपए खर्च कर रही है। लेकर आज भी सड़कों पर सैकड़ों जानवर घूम रहे है। वहीं आज सुबह तड़के हाइवे पर घूम रही करीब आधा दर्जन गायों को अज्ञात वाहन रौंद दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि झांसी खजुराहो नेशनल हाईवे पर पुल के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक साथ चार गायों की मौत हो गई। मामले की जानकारी सुबह-सुबह राहगीरों के द्वारा नगर पालिका प्रशासन मऊरानीपुर व ब्लॉक टीम को दी गई। जिसमें बताया गया है कि झांसी की तरफ नेशनल हाईवे पर पुल के पास 4 गाय मृतक अवस्था में पड़ी हुई है। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची नगर पालिका एवं ब्लॉक की टीम ने मृतक पड़ी हुई गायों को जेसीबी के माध्यम से उठाकर सड़क किनारे गड्ढा खोदकर पोस्टमार्टम करके दफनाया। नेशनल हाईवे पर एक और जहां सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है तो वहीं अन्ना पशु भी सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# करंट लगने से लाइनमैन की मौत लगाया गया जाम

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद - ट्रांसफार्मर से लाइन की मरम्मत करते समय बिजली का करंट लगने से लाइनमैन कुलदीप सैनी की मौत हो गई। वर्षीय 30 कुलदीप थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला दीवान मुबारक में रहता था तथा जसमई फीडर में लाइनमैन का कार्य करता था। कुलदीप आज सायं करीब 7 बजे बीबीगंज पुलिस चौकी के निकट ट्रांसफार्मर से खराब लाइन की मरम्मत कर रहा था। अचानक बिजली आ जाने से कुलदीप करंट लगने से चिपक गया देखते-देखते ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन व मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे परिजन कुलदीप को बीबीगंज स्थित बालाजी हॉस्पिटल ले गए। वहां डॉक्टर ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया। लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया कि सिट डाउन वापस न किए जाने से पहले ही विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गई। कुलदीप का शव अस्पताल से निकलकर सड़क पर रखकर जाम लगाया गया।



मौके पर विद्युत विभाग का कोई अधिकारी व पुलिस का भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। कुलदीप की मौत के गम में उसकी पत्नी रश्मि बुरी तरह बिलखती रही। कुलदीप के 1 साल का पुत्र है। उसके मां-बाप की मौत हो चुकी है दोनों बड़े भाई दिल्ली में रहते हैं। घटना की जानकारी मिलने पर जनपद कन्नौज थाना तिर्वा के ग्राम माधोपुर निवासी अरविंद घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने लखनऊ में किसी अधिकारी को फोन लगाकर बताया कि घटनास्थल पर कोई अधिकारी मौजूद नहीं है। थोड़ी देर बाद ही 9.25 बजे सिटी मजिस्टेट व सीओ सिटी मौके पर पहुंचे। जसमई फीडर के एसएसओ मोहित तिवारी ने बताया की कुलदीप करीब 8, वर्षों से संविदा पर काम कर रहा था। शाम को सादिक खान कंज्यूमर ने फोन कर बताया की लाइनमैन चिपक गया है सप्लाई बंद कर दो। श्री तिवारी ने बताया की कुलदीप ने सिट डाउन नहीं लिया था।

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपित को पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने सुनाई सजा-ए-मौत

क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपित को पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने सुनाई सजा-ए-मौत आरोपी शाहिद को गर्दन से तब तक लटकाए रखा जाए जब तब कि उसकी मौत न हो जाए एसपी विकास कुमार के नेतृत्व में हुई कुशल पैरवी से 2 माह 15 दिन के अंदर फांसी के फंदे तक पहुंचा दुष्कर्म व हत्या का आरोपी थाना कंपिल क्षेत्र के एक गांव में 12 सितंबर को चार साल की मासूम बच्ची हुई थी गायब, देर शाम झाड़ियों में मिला था छत विछत शव एसपी विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी शाहिद व एक बाल अपराची को किया था

गिरफ्तार वैज्ञानिक साक्ष्य के लिए कानपुर से विशेष तौर से बुलाई गई थी फोरेंसिक टीम पुलिस ने त्वरित विवेचना करते हुए 22 दिन में चार्जशीट दाखिल कर दी जिसके चलते शासकीय अधिवक्ता द्वारा कुशल पैरवी से कोर्ट ने आरोपी को मृत्यु दण्ड से दंडित किया गया माननीय न्यायालय ने उक्त घटना को रेयर ऑफ रेयरेस्ट केस माना आरोपी पर 2 लाख 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया, जुर्माने की आधी राशि पीड़ित परिजनों को देने के दिए आदेश फतेहगढ़ न्यायालय परिसर स्थित पॉक्सो एक्ट कोर्ट का मामला

# ओल्ड इज गोल्ड यादों का कारवां स्टार अवार्ड का आयोजन 25 को



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

रीवा - शिव क्रिएशन इवेंट के तत्वावधान में स्टार अवार्ड ओल्ड इज गोल्ड यादों का कारवां का आयोजन दिनांक 25 दिसंबर 2023 को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है! जिसमें सन 1970 से 1990 दशक के गीतों की मंच से प्रस्तुति होगी! उक्त कार्यक्रम की जानकारी देने प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय के आश्रम में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया! जिसको प्रमुख रूप से राजयोगिनी बी. के. निर्मला दीदी, कार्यक्रम के आयोजक शिव कुशवाहा, कार्यक्रम की सहयोगी सीमा श्रीवास्तव, युवा समाज़सेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव, युवा गायक नीलेश श्रीवास्तव, समाज़सेवी अवनीश शर्मा, संगीतकार डॉ प्रवीर दुबे, सुनील साहू, मनीष साहू, डॉ विनोद तिवारी, हिमांशु श्रीवास्तव एवं संजय राजपूत ने संबोधित किया! पत्रकार वार्ता में आगे बताया कि नृत्य एवं गीत के चयन के लिए पहले ऑडीशन तीन चरणों में आयोजित किये गए!

पहला चरण 16 वर्ष तक स्टार जूनियर अवार्ड, दूसरा चरण 17 से 30 वर्ष तक स्टार सीनियर अवार्ड एवं तीसरा चरण 31 से 60 वर्ष वर्ष तक स्टार सुपर सीनियर अवार्ड के रूप में विभक्त किया गया! पत्रकार वार्ता के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजकों ने समस्त संगीत एवं नृत्य प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है!

# स्कूल की छात्रा की मौत लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों नें लगाया जाम

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद राजेपुर कई दिनों से बीमार चल रही छात्रा की मौत हो गयी जिसके बाद परिजन मौके पर पंहुचे तो उन्होंने लापरवाही का आरोप लगाकर हाई वे जाम कर दिया पुलिस नें समझाकर शव को हाई वे से हटाकर स्कूल में रखा दिया परिजन लगातार हंगामा कर रहे हैं थाना राजेपुर के ग्राम गाँधी में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय है जिसमे थाना अमृतपुर के रतनपुर पमारान निवासी 9 वर्षीय



आयसा पुत्री उमेश कुशवाह कक्षा 6 की छात्रा थी मिली जानकारी के अनुसार बीते लगभग पांच दिनों से बुखार से पीड़ित थी आयसा के परिजनों के अनुसार कई दिनों से उसे बुखार होनें के बाद भी उसकी सूचना परिजनों को नही दी गयी इसके साथ ही इलाज भी सही से नही कराया गया लिहाजा बुधवार को उसकी अचानक मौत हो गयी छात्रा की मौत की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर आ गये उन्होंने शव को उठाकर इटावा-बरेली हाई वे पर रखकर जाम लगा दिया जानकारी होनें पर सीओ सिटी प्रदीप कुमार, तहसीदार कर्मवीर मौके पर आ गये कई थानों का फोर्स भी मौके पर आ गया पुलिस नें परिजनों को समझाकर शव को हटाकर जाम खुला दिया शव को पुन स्कूल में रखा दिया गया परिजनों से अभी अधिकारियों की वार्ता चल रही है जारी

# पुलिस अधीक्षक ने किया भिनगा व इकौना सर्किल के थानों की अपराध समीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने भिनगा सर्किल के थाना भिनगा, थाना सिरसिया, महिला थाना, अपराध शाखा और इकौना सर्किल के थाना इकौना, थाना एनएमपीटी श्रावस्ती व गिलौला की अपराध समीक्षा की। भिनगा सर्किल में थाना भिनगा में 66, थाना सिरसिया में 32 तथा महिला थाना में 10 अपराध शाखा में 13 विवेचनाएं लम्बित पाई गई तथा इकौना सर्किल के थाना इकौना में 24, थाना गिलौला में 15, थाना एनएमपीटी श्रावस्ती में कुल 8 विवेचनाएं लंबित पाई गई। पुलिस अधीक्षक ने लम्बित विवेचनाओं की समीक्षोपरान्त



पाया गया कि जिन विवेचकों द्वारा विवेचनाओं के निस्तारण में सार्थक प्रयास नही किये जा रहे थे उन सभी विवेचको को कड़े निर्देश निर्गत दिए। साथ ही साथ साक्ष्य संकलन कर 01 सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार, समस्त थाना प्रभारी, पेशकार पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित अन्य विवेचक गण मौजूद रहे।

# सशस्त्र सीमा बल ने खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल




श्रावस्ती संदीप कुमार जेटली, कार्यवाहक कमान्डेंट 62वीं वाहिनी के नेतृत्व में वाहिनी मुख्यालय भिनगा में सशस्त्र सीमा बल की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान सर्वप्रथम संदीप कुमार जेटली, कार्यवाहक कमान्डेंट ने वाहिनी के क्वार्टर गार्ड में गार्ड आफ ओनर एवं गार्ड का निरिक्षण किया गया कार्यवाहक कमांडेंट श्री जेटली ने वाहिनी के समस्त जवानों एवं उनके परिवारजनों को बल की स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई दी सशस्त्र सीमा बल ने सदैव निष्ठा के साथ कार्य किया है और देश के सामने अनेकों आंतरिक चुनौतियों के समय इस बल के जवानों ने प्राणों की चिंता किए बगैर देश में शांति व्यवस्था स्थापित करने में अपना अतुलनीय योगदान दिया है इस अवसर पर अतिथि रहे जय प्रकाश (खण्ड बिकास अधिकारी, हरिहरपुर रानी) की उपस्थिति में वाहिनी मुख्यालय भिनगा के शिवाजी पार्क में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए जैसे खेल प्रतियोगिता वालीबाल, म्यूजिकल चेयर, सुई धागा, बिंदी प्रतियोगिता, शैक रेस, मटका फोड़, जलेबी रेस, स्पून रेस, 100 मीटर रेस आदि खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 इसके आलवा एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ अपनी कला और सांस्कृतिक दक्षता का प्रदर्शन किया गया जिसमे वाहिनी के जवानो एवं उनके परिवारजनों व् बच्चो के द्वारा डंडिया नृत्य, बिहू नृत्य, भांगड़ा, थारू नृत्य एवं गीत संगीत का प्रदर्शन किया गया

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बिजेताओ को पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वालों को भी पुरस्कृत किया गया 7 इसके बाद बड़ा खाना का आयोजन किया गया इस मौके पर निरुपेश कुमार, उप कमान्डेंट, सोनू कुमार उप-कमान्डेंट, डॉ. अजीत उप कमान्डेंट चिकित्सा,पंचानन महाजन सहायक कमान्डेंट,रोहित जयंत महदूम सहायक कमान्डेंट, निरीक्षक रमेश कुमार एवं अन्य जवान उपस्थित रहे ।

# तहसील से अटॉर्नी को न हटाए जाने को लेकर अधिवक्ताओं में रोष

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती -इकौना श्रावस्ती, तहसील इकौना में अधिवक्ता संघ इकौना के सैकड़ो अधिवक्ताओं ने राजस्व परिषद द्वारा पारित आदेशों को संज्ञान में लेते हुए तहसील इकौना के प्रत्येक पटलों पर कार्यरत प्राइवेट कर्मचारी को ना हटाए जाने पर विरोध जताया अधिवक्ता संघ इकौना के पूर्व महामंत्री श्रीधर दुबे ने बताया कि राजस्व परिषद द्वारा पारित आदेश का इकौना तहसील प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया तहसील इकौना के प्रत्येक पटलों पर कार्यरत प्राइवेट कर्मचारी लगातार काम कर रहे हैं जिससे गोपनीयता भंग हो रही है लेकर हम अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है

# आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यक्रम आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध नगर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रशिक्षिका श्रीमती सुशीला जी व अजय शर्मा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रविंद्र कुमार जी ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम विद्यालय की बालिका कनिका ने आए हुए अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत गया। तत्पश्चात प्रशिक्षिका श्रीमती सुशीला जी ने बालिकाओं को अग्नि बढ़ धुएं आदि से किस तरह बचाव किया जाए इस विषय में अवगत कराया उन्होंने



बालिकाओं को ऐसी आपदा के समय हिम्मत और साहस से काम लेने के लिए कहा उन्होंने कहा कि यदि हम बिना घबराहट के ऐसी आपदा के समय समझदारी से काम करेंगे तो हम अनेक प्रकार की आपदाओं से स्वयं को भी और दूसरों को भी बचा ने में सफल हो सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रविंद्र कुमार जी ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए बालिकाओं को उनके द्वारा बताए गए नियमों का पालन करने के लिए कहा और समाज में आई आपदाओं से निपटने में सहयोग देने के लिए बालिकाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्रीमान संजीव कुमार संदीप कुमार अमित कुमार रवि कुमार उपासना बंसल कविता गुप्ता वंदना पुंडीर सुरभि मित्र अमित नामदेव विकास कुमार मोहित शर्मा कपिल वशिष्ठ अनीता मलिक नीलम पाल आदि आचार्य गण उपस्थित रहे।

# विरोध में राहुल गांधी का पुतला शामली शिव चौक पर फुंका

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद व भाजपा कार्यकर्ता उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड जी के सम्मान में हमेशा साथ व समर्थन में हैं। भारत गणराज्य के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी देश के गौरव हैं और किसान और जाट बिरादरी के मुखिया हैं, लोकतंत्र की अवधारणा में असहमति का प्रावधान है, अपमान का नहीं। व्यक्ति की परवरिश उसके नैतिक चरित्र और लोक व्यवहार को दर्शाती हैं। भारतीय समाज व भारतीय संस्कृति बुजुर्गों के सम्मान के लिए जानी जाती है, अपमान के लिए नहीं। विरोध के तरीकें के चयन से व्यक्ति या संस्था के चरित्र, योजना और उसके भविष्य की सम्भावनाओं का पता चलता है। तृणमूल कांग्रेस के सासंद कल्याण बनर्जी ने



जिस तरह किसान के बेटे देश के उप-राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी का अपमान किया है, इतिहास में वह क्षण एक काले धब्बे के तौर पर जाना जाएगा।

हम इस घटना से व्यथित और निःशब्द हैं और इसकी कठोर निंदा करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तर प्रदेश की पूरी टीम व भाजपा के कार्यकर्ता शामली ने इस घटना के विरोध में राहुल गांधी का पुतला शामली शिव चौक पर फुंका तथा डीएम शामली को ज्ञापन दिया। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद व भाजपा के कार्यकर्ता क़ौम के सम्मान में ऐसे संघर्ष का समर्थन करते रहेंगे, क़ौम से बड़ कर दुनिया में कुछ भी नहीं। इस मौके पर मुख्य रूप से रोहित विश्वकर्मा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सतीश धीमान कमल बंसल कुलदीप मलिक मनीष मित्तल सुरक्षा सदस्यता अभियान जिला संयोजक आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे

# शामली में थाने में पत्नी से विवाद के बीच पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली में कांधला थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी युवक की कांधला थाने में पत्नी से विवाद के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में पति की मौत हो गई जिसमें पुलिस में खलबली मच गई पुलिस ने 100 पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी इस्तखर पुत्र मंसूर जनपद सहारनपुर के गांव नवाजपुर निवासी महिला मैं मैं महफूजा पुत्री लीलू के साथ 6 माह पूर्व शादी की थी महिला ने इस्तखर पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने में शिकार दर्ज कराई थी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी मामले में इस्तखार ने न्यायालय से अपने जमानत करा ली बाद में महिला ने इस्तखर पर रुपए हड़पने वह मारपीट करने का आरोप लगाया है वही शाम करीब 6-00 बजे महिला अपनी शिकायत थाने लेकर पहुंचे पुलिस से न्याय की गुहार लगे कुछ देर बाद महिला का पति इस्तखर भी थाने पहुंचा उसके बाद दोनों के बीच नोक जोक शुरू हो गई इसी दौरान अचानक ही स्थान की मौत हो गई पुलिस ने उनको तुरंत ही कब्जे मैं लेकर सी एच सी मैं भर्ती कराया वहीं चिकित्सकों ने इस्तर को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मामले की सूचना पर सो ओ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने बताया की पत्नी और पति के बीच पहले से ही विवाद चल रहा था दोनों के बीच सुला कर दी थी थाने में जाते समय अचानक ही इस प्रकार की मौत हुई रामवीर सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही करने की सही कारण बता जाएगा

# वाल्मीकि समाज की राजनीति में हिस्सेदारी

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली।वाल्मीकि समाज की राजनीति क्षेत्र में हीसेधारी हो अरविंद झंझोट शामली 21 दिसंबर 2023 में वाल्मीकि दलित समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए वाल्मीकि समाज जन जागरण अभियान के तहत आज राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद झंझोट डॉ सुरेश चंद नंदू प्रसाद वाल्मीकि प्रमोद कश्यप आदि ने ग्राम भूरा कनडेला पटेड मंसूरा फतेहपुर टपराना मैं जनसंपर्क किया और समाज के लोगों को संबोधित करते हुए अरविंद झंझोट ने कहा



कि राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच आपका अपना आरराजनीतिक सामाजिक संगठन है जो वाल्मीकि समाज के हितों के लिए और वाल्मीकि समाज को अपने हक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास रत हैं वाल्मीकि दलित समाज की जनहित समस्याओं के समाधान कराने के लिए शासन प्रशासन तक पूरी मजबूती के साथ निरंतर आवाज उठा रहा है सामाजिक प्रगति के लिए समाज के हितों के लिए आप लोग भी साथ मिलकर संघर्ष करने के अपील की जिसमें समाज के लोगों ने अपना भरपूर सयोग देने के लिए कहा अरविंद झंझोट ने सभी साथियों के संग मिलकर के विश्व के प्रथम आदि कवि सतगुरु भगवान वाल्मीकि की चरण वंदना की जिसमें अरविंद झंझोट डॉक्टर सुरेश चंद नंदू प्रसाद वाल्मीकि जिला संयोजक राष्ट्रीय बाल्मिक समाज प्रतिनिधि मंच प्रमोद कश्यप अमित कुमार सुनील कुमार राजेश झंझोट विशन वाल्मीकि अंकित कुमार धर्मवीर सिंह विनोद कुमार सनोज कुमार वाल्मीकि आदि शामिल रहे

# शामली में ठंड का शहर शुरू हो जाने से जिले का गिरा तापमान

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली इस साल सर्दी के मौसम में बृहस्पतिवार का दिन अब तक का सबसे ठंडा दिन रहा रात में तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि दिन का तापमान अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा जो स्थिर बना रहा तापमान कम होने से धूप खिलने के बाद भी ठंडी हवा चलने से मौसम खुलने के बाद भी ठिठरन बनी रही दिसंबर माह में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है और तापमान में गिरावट आई जा रही है रात में कोहरा छाया रहता है और सुबह को 8-00 बजे के बाद धूप निकलती है इसके बाद भी चलते मौसम में ठिठरन रहती है मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और भी अधिक बढ़ने की संभावना है जनता को ठंड से बचने के लिए जगह-जगह आग जलाकर ठंड ठंड से अपने आप का बचाव करने का प्रयास कर रहे

## त्योंथर तहसील में ऑनलाइन सत्यापन के नाम पर किसानों से बसूली जाती है मोटी रकम

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा




त्योंथर/ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार त्योंथर तहसील में इस वक्त किसानों के खरीफ फसल की ऑनलाइन कराने पर मोटी रकम लेकर ऑनलाइन सत्यापित किया जा रहा है जिसका मकड़जाल पूरे तहसील में फैला हुआ है जो कि प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसकी जानकारी कुछ किसानों ने दी है कि किस तरह से तहसीलदार त्योंथर के नाम पर किसानों से पैसा लिया जा रहा है जो किसान नही देते उनकी ऑनलाइन को सत्यापित नही किया जाता है। खबर ऐसी भी है कि एक बार पहले भी पैसे लेकर सत्यापित किया गया था लेकिन जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर जांच उपरांत सिग्मी पाये गए ऑनलाइन को और कुछ सही किसानों की ऑनलाइन को निरस्त कर दिया गया था इसके बाद खरीदी शुरू होते ही पुन: अब व्यापारी बने किसान के सिग्मी और किसानों के ऑनलाइन करने का सत्यापन जारी है जिनमे दलाल और कुछ कर्मचारी किसानों से पैसे लेकर सत्यापित करा रहे है किसानों को पैसा देने की मजबूरी भी है कि यदि पैसा नही देगे तो सत्यापन नही होगा,यदि सत्यापन नही होगा तो किसान अपनी धान नही बेच पाएंगे इसलिए मजबूरी बस पैसा दे रहे है लेकिन त्योंथर एसडीएम कार्यालय के पास हो रहे भ्रष्टाचार पर सम्बंधित अधिकारियों का ध्यान नही जा रहा है। जिस कारण किसान परेशान है । यदि आज भी सही जांच की जाए तो हजारो ऑनलाइन निरस्त किये जा सकते है हकीकत क्या है ये तो सही जांच के बाद ही कहा जा सकता है। जिसके लिए जिला कलेक्टर रीवा का ध्यान आकृष्ट कराया गया है।

## उप सरपंच संघ ने अपनी मांगों को लेकर बैठक की आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

जनपद पंचायत के समस्त उप सरपंचों में दिखी एकता वही समस्त जनपद पंचायत में पदस्थ उपसरपंच के द्वारा उप सरपंच संघ का आयोजन किया गया जिसमें सभी उपसरपंचों द्वारा मतदान हुआ उसे मतदान में मुकेश कुमार गौतम को अध्यक्ष चुना गया वहीं ज्योति वर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया एवं उपसरपंचों के चेहरे में छाई खुशी की लहर सभी उप सरपंच एक होकर अपनी मांगों को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया उसमें मांगों के बारे में चर्चा किया गया जल्द ही कोई बड़ा आयोजन कर सकते हैं मध्य प्रदेश के उप सरपंच आखिर क्या है उनकी समस्या और कब होगा उनके समस्याओं का समाधान पूछती है जनता क्या होगा उपसरपंचों का समस्याओं का निदान दिनांक जयसिहनगर–आज 19 दिसंबर 2023 को जनपद पंचायत जयसिंहनगर के सभागार में उपसरपंच स्नेह मिलन एवं बैठक का आयोजन किया गया जहां पर सर्वप्रथम महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ



किया गया जिसमें जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के उपसरपंचों के साथ जिले के उपसरपंच पद पर आसीन पदाधिकारियों द्वारा इस कार्यक्रम की कार्ययोजना सुनिश्चित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर सभी उपसरपंचो के द्वारा अपना अपना परिचय दिया गया। ग्राम पंचायतों में जहां उपसरपंचो का पद तो सुनिश्चित किया गया कितु वास्तविक अधिकारों से उन्हें दूर रखा जाता है या फिर यह कहें कि उनकी उपेक्षा की जाती है इस संगठन के माध्यम से हमें अपने हक की लड़ाई लड़नी है हम सभी लोगों को पंचायती राज के अधिनियमों को जानना चाहिए और पंचायत पोर्टल पर उपसरपंच का नाम जोड़ा जाना चाहिए यथा जनपद पंचायत द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुपों में उपसरपंचो को जोड़ा जाए जिससे हमें भी योजनाओं के क्रियान्वयन का पता हो जिससे हम जनता के लिए कार्य कर सकें शिक्षा एवं स्वास्थ्य का पदेन उपसरपंच होता है वित्तीय वर्ष के कार्ययोजना पर हस्ताक्षर होना चाहिए पर ऐसा होता नहीं है जिला पंचायत पर बैठक आयोजित किया जाना चाहिए जिससे हम उन्हें ग्राम पंचायतों तक पहुंचाने में अपना सहयोग प्रदान कर सकें पंचायत के व्यय खाते से मोबाइल नंबर जोड़ा जाए जिससे हमें भी पंचायत के आय व्यय का लेखा जोखा का पता हो उपसरपंचो को सह खाते से जोड़ा जाए एवं ग्राम पंचायत में पचास प्रतिशत राशि का व्यय करने का अधिकार उपसरपंचो को प्रदान किये जाने चाहिए इसी के साथ उप सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी की उपस्थिति में जयसिंहनगर जनपद पंचायत अंतर्गत उप सरपंच संघ का गठन किया गया जिसमें मुकेश गौतम उपसरपंच मोहनी को जनपद पंचायत स्तरीय जयसिंहनगर अध्यक्ष, धीरज तिवारी, वीरेंद्र द्विवेदी महामंत्री, शिवाकांत गुप्ता, श्रीमती ज्योति शर्मा, ऋषि तिवारी, जितेंद्र पटेल, जुनैद खान, रामदास सिंह गोण उपाध्यक्ष, प्रदीप मिश्रा, देवराज सिंह, संत पाल अहिरवार, उषा गौतम, रोहित पांडेय को महामंत्री नियुक्त किया गया मार्गदर्शक मंडल में श्रीधर गर्ग, वंश बहादुर, राकेश तिवारी, बाल्मीकि यादव, रामनारायण कुशवाहा एवं सुधीर पांडेय को सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राम नारायण पांडेय, अशोक मरावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर, भारतीय जनता पार्टी मंडल उपाध्यक्ष रावेद्र शर्मा, सूरज पयासी, राकेश गुप्ता, नीलेश गुप्ता, सीतेंद्र पयासी के साथ समस्त ग्राम पंचायतों के उपसरपंच उपस्थित रहे

## सहकारी समिति कुठिला त्योथर को नहीं बनाया गया खरीदी केन्द्र, किसान हो रहे परेशान, जिम्मेदार बने मूकदर्शक

क्यूँ न लिखूँ सच -आलोक मिश्रा

त्योथरा इन दिनों धान खरीदी का कार्य पूरे मध्य प्रदेश में संचालित हो रहा है किन्तु त्योथर तहसील के सबसे अग्रणी सहकारी समिति में। सुमार कुठिला सहकारी समिति कुठिला को खरीदी केन्द्र न बनाये जाने से स्थानीय किसानों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है क्यों नहीं बनाया गया इसकी कोई वजह भी समझ से परे है जिन समितियो को खरीदी केन्द्र बनाया गया है उनकी दूरी भी लगभग दस से पन्द्रह किलोमिटर है कुठिला को खरीदी केन्द्र बनाये जाने की मांग भी उठती नजर आ रही है त्योथर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री बृम्हनारायण शर्मा द्वारा क्या बताया गया आईए आपको उन्ही की जुवानी सुनाते है कौन सही है कौन गलत है। यह तो जांच के बाद पता चलेगा किन्तु देखने वाली बात होगी कि कुठिला को खरीदी केन्द्र कब तक बनाया जाएगा या इसी तरह चलता रहेगा यह तो वक्त ही तय करेगा हमारे

## सीमावर्ती क्षेत्र में बिहारपुर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में 64 बोरी अवैध धान सहित पिकअप जब्त



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 64 बोरी अवैध धान सहित पिकअप जब्त किया गया।ज्ञात हो कि शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए 01 नवम्बर 2023 से धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर लगातार कार्यवाही हो तथा वास्तविक कृषकों से ही धान खरीदी की जाये। उपार्जन केन्द्रों में कृषकों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं हो ताकि वे सुगमता से धान का विक्रय कर पाए। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैयाथान के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार बिहारपुर के द्वारा एक पिकअप अवैध धान जब्त किया गया है। तहसीलदार ने बताया कि बीते रात्री मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला से आ रही एक पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 टी 8385 में अवैध रूप से धान का परिवहन किया जा रहा था। वाहनों की जांच के दौरान कुल 64 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है।

## ब्लॉक क्यारा की राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई की अध्यक्ष श्रीमती रेनू एवं अंकुर पाण्डेय महामंत्री पद पर निर्वाचित हुए

क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह



बरेली- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बरेली के द्वारा ब्लॉक कार्यकारिणी क्यारा की गठन/ निर्वाचन प्रक्रिया जिला सह-संयोजक श्री विनोद कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए द्य रेनू ब्लॉक अध्यक्ष, अंकुर पाण्डेय ब्लॉक महामंत्री, सुमित कुमार ब्लॉक संगठन मंत्री, विवेक वर्मा कोषाध्यक्ष, अवनीत सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं श्रीमती दीक्षा त्यागी

महिला उपाध्यक्ष और नितिन कुमार शर्मा, डा0 सत्य प्रकाश, अनूप कुमार यादव उपाध्यक्ष पद पर तथा चंद्रपाल सिंह व प्रदीप कुमार मथुरिया संयुक्त मंत्री पर निर्वाचित हुए। विनोद कुमार ब्लॉक संरक्षक पद पर र्निविरोध चुने गए द्य ऊक्त निर्वाचन कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी के रूप में जिला सह-संयोजक श्री पुष्कर उपाध्याय और पर्यवेक्षक के रूप में मझगवां ब्लॉक अध्यक्ष विवेक कुमार एवं बिथरी ब्लॉक उपाध्यक्ष अनिल कुमार उपस्थित रहे ।निर्वाचन कार्यक्रम में विकास क्षेत्र के सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। परीक्षित गंगवार, पवन दिवाकर, गिरजेश कुमार, अजय कुमार, अनिल कुमार, अरविंद चौधरी ,अरविंद कुमार महावीर प्रसाद , ओमेंद्र पाल सिंह , गंगा प्रसाद मौर्य, मोहित कुमार , प्रमोद कुमार, मीनाक्षी सिंह ,अनुराधा ठाकुर ,डॉ आंचल शर्मा आदि शिक्षक साथियों ने बड़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

## हमारी संस्कृति-हमारी पहचान सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 25 दिसंबर से 15 जनवरी तक होगा

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा - नवागत कलाकारों और समस्त विधाओं के संरक्षण के लिए भारत पर्व हमारी संस्कृति-हमारी पहचान सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 25 दिसंबर से 15 जनवरी तक किया जाएगा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि सांस्कृतिक उत्सव-2023 के तहत 25 से 30 दिसंबर के बीच तहसील स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी

जिसमें ग्राम, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकेंगे। इसके तहत ग्राम पंचायत, ब्लाक व तहसील स्तर के गायन वादन एवं नृत्य विधा के कलाकारों का आवेदन प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी कलाकार दल के सदस्य दलनायक के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन तथा ऑफलाइन आवेदन दिनांक 20 दिसम्बर 2023 तक मेल आइ ́0डी0 upcultureutasav@gmail.com पर अवश्य प्रेषित कर दें। आवेदन का प्रारूप संस्कृति विभाग के पोर्टल संस्कृति upculture.up.nic.in/hi/sanskriti-utsav-2023 पर उपलब्ध होगा। डीएम ने कहा कि 01 जनवरी से 5 जनवरी के बीच तहसील स्तर पर चयनित कलाकारों की जिला मुख्यालय पर प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। सभी कलाकारों को संगत कलाकार व वाद्य यंत्रों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। गायन के दल में न्यूनतम 6 तथा अधिकतम 8 सदस्य होंगे, लोक नृत्य के दल में न्यूनतम 13 तथा अधिकतम 16 सदस्य होंगे, नुक्कड़ नाटक में न्यूनतम 20 तथा अधिकतम 25 सदस्य होंगे। मुख्य समारोह 24 जनवरी को लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी दिये गये दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

## शिक्षामित्र किरन यादव का दुर्घटना में निधन

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा -एटा विकास खंड निधौली कलां क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बाबसा में कार्यरत शिक्षामित्र किरन यादव पत्नी अरुण कुमार पुत्रवधू स्व मातादीन यादव शिक्षक निवासी नगला बंदी की दिनांक 20 दिसंबर 2023 को विधालय से छुट्टी कर टैम्पो से घर लौटते समय वाहन की टक्कर से दुर्घटना में मौके पर मृत्यु हो गई। किरन यादव के निधन पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पू मा शिक्षक संघ एटा के जिला अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया है तथा ईश्वर से प्रार्थना कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।

## ब्लॉक कार्यकारिणी भुता का गठन/ निर्वाचन प्रक्रिया जिला संयोजक जितेन्द्र गंगवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई

क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह




बरेली-राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बरेली के द्वारा ब्लॉक कार्यकारिणी भुता का गठन/ निर्वाचन प्रक्रिया जिला संयोजक जितेन्द्र गंगवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए द्यनिर्वाचन अधिकरी के रूप में सहसंयोजक विनोद कुमार और पर्यवेक्षक के रूप में बिथरी ब्लॉक के संगठन मंत्री अजय कुमार और गिरजेश कुमार उपस्थित रहे। रमेश कुमार ब्लॉक अध्यक्ष, सूर्य प्रकाश सिंह जी ब्लॉक महामंत्री, दुर्गेश कुमार ब्लॉक संगठन मंत्री, दिनेश कुमार कोषाध्यक्ष, राम मोहन तिवारी जी कार्यकारी अध्यक्ष,भानु प्रताप चौहान उपाध्यक्ष एवं श्रीमती रेखा शर्मा महिला उपाध्यक्ष और रामप्रकाश उपाध्यक्ष पद पर तथा नीरज राणा लेखाकार पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचन कार्यक्रम में विकास क्षेत्र के सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया,जिला संयोजक द्वारा बताया गया पअगले सप्ताह और ब्लॉकों में संगठन विस्तार जारी रहेगा।जिला सहसयोजक द्वारा संगठन के बारे में विस्तार से बताया गया और संगठन की रीति नीति के बारे में अवगत कराया गया। अरविंद कुमार,अनिल कुमार, अरविंद चौधरी,गौरव यादव,विबेक वर्मा ,प्रभाकर सिंह जी ,दरबान जी आदि शिक्षक साथियों ने बड चढ़ कर प्रतिभाग किया।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण में अनियमितता देख भड़के अलीगंज विधायक, लगाई फटकार



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा - भाजपा विधायक ठा. सत्यपाल सिंह राठौर ने जैथरा में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण किया ! निर्माण के दौरान उन्होनें स्वंय अपने हाथों से गुणवत्ता को चैक किया तो पता चला कि जैथरा में निर्माणाधीन यूनिट में मानकों से खिलवाड किया जा रहा था ! विधायक ठा. सत्यपाल सिहं राठौर ने घटिया सामिग्री को निर्माण में प्रयोग किऐ जाने पर आपत्ति प्रगट करते हुऐ तत्काल निर्माण कार्य रोकने के निर्देश प्रोजेक्ट मैनेजर को दिऐ ! उन्होने बताया कि जिस भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा था उस भवन के कॉलम व बीम भी मानक अनुरूप नहीं थे ! तथा ठेकेदार ने गुमराह करने के लिऐ बालू के ऊपर मौरंग डाल रखी थी! वहीं निर्माण कार्य में कच्ची गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा था एवं निर्माण कार्य में लगे मजदूरों की जिंदगी से भी ठेकेदार खिलवाड़ रहा था क्योंकि मजदूर बिना सेफ्टी किट के निर्माण कार्य में जुटे हुऐ थे ! विधायक ठा. सत्यपाल सिहं राठौर ने निर्माण गुणवत्ता की टीएसी जांच हेतु शासन को पत्र लिखा है ! बताया जा रहा है कि पीपीपी मॉडल पर क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा लहभग 20 करोड़ की लागत से किया जा रहा है ! जिसमें 50 बेड का निर्माण होना है ! विधायक द्वारा किऐ हऐ निरीक्षण के समय जैथरा नगर पंचायत चेयरमैन विवेक कुमार गुप्ता भी मौजूद थे !

## किसानों एवं आमजनता से एक मुस्तयोजना ( ओटीएस ) का लाभ उठाने की अपील

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा - अधीक्षण अभियंता राजकुमार सिंह व अधिसाशी अभियंता जीसील भटनागर ने रेलवे रोड विद्युत घर पर की पत्रकार वार्ता वार्ता के दौरान अधीक्षण अभियंता राजकुमार सिंह ने जनपद वासियों से एक मुस्तयोजना का लाभ लेने की अपील की,एक मुस्तयोजना के तहत विद्युत चोरी जिन उपभोक्ताओं पर एफआईआर ( प्राथमिकी दर्ज )हैं। उन्हें शमन शुल्क में 50त्न की भारी छूट प्रदान की जारही हैं। वहीं किसान भाइयों से अपने ट्यूबेल के विलों में भारी छूट दी जारही हैं। किसान भाइयों एवं आपजन से अपील करता हूँ। कि एक मुस्तयोजना का भरपूर लाभ उठाएं। जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 हैं। 1 हजार रूपये जमा कर अधिक अधिक रजिस्ट्रेशन कराकर एक मुस्तयोजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएंइस अवसर पर अधीक्षण अभियंता राजकुमार सिंह,अधिशासी अभियंता जीसी भटनागर मीडिया प्रभारी अर्पित कुलश्रेष्ठ आदि उपस्थित रहे।

# नायब तहसीलदार ने निजी धान को किया जप्त 30000 रुपए नगदी राशि की मांग की

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



किसानों की एक ही पूंजी होती है वह है कृषि और यदि किसान जहां से सबसे ज्यादा परेशान होते हैं वह है तहसील चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के तहसील में ऐसा मामला सामने आया है की किसान के स्वयं के धान के परिवहन पर जिसकी अनुमति उसे पहले से प्राप्त है उस धन को जबरन जप्त कर लिया जाता है और तत्काल मौके पर 30000 नगदी मांग किया जाता है रुपए नहीं मिलने पर प्रकरण बना लिया जाता है। आप बताइए ऐसे नायब तहसीलदार को नवाब ना कहा जाए तो क्या कहा जाए। यह प्रकरण तुलेश्वर जायसवाल जो अपने धान को परिवहन के लिए पहले तहसील में जाकर अनुमति लेता है तहसील कार्यालय से करीब 1 किलोमीटर दूर पर धान की खेती होती है उसे लाने हेतु अनुमति प्रदान मांगा जाता है अनुमति दे दी जाती है किंतु रोड में धान को नायाब तहसीलदार द्वारा उसे पकड़ लिया जाता है और जबरन 30000 का मांग किया जाता है अवैध राशि नहीं मिलने पर धान का प्रकरण बना दिया जाता है और धान को जप्त कर लिया जाता है। किसान तुलेश्वर जायसवाल द्वारा बताया गया कि मैंने स्वयं जाकर तहसील कार्यालय से अनुमति मांगी थी धान के परिवहन के लिए जो कि मुझे अनुमति मिली थी बावजूद इसके नायब तहसीलदार द्वारा जबरन सड़क पर पिकअप वाहन को रोक दिया जाता है और ?30000 का मांग किया जाता है मेरे द्वारा अनुमति पत्र दिखाने पर नया तहसीलदार धान को जबरन जप्त कर लिया गया है जो कि यह धान मेरी स्वयं की है चाहे तो उसकी कलेक्टर महोदय स्वयं जांच करा लेवें तथा मेरी धान जो कि अवैध रूप से जप्त है उसे वापस करने की कृपा करें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में उज्जवला योजना से लाभान्वित हो रहे हैं हितग्राही

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर- अब तक 346 गैस कनेक्शन का हो चुका है वितरण विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन वितरण में राज्य में दूसरे स्थान पर सूरजपुर, विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए

खाद्य अधिकारी श्री विजय किरन ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चलने वाला रथ जिले के जिस-जिस कार्यक्रम स्थल पर पहुंच रहा है, वहां उज्वला योजना के तहत कनेक्शन के लिये आवेदन लिए जा रहे हैं। उन्होंने वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए जानकारी दी कि अब तक की स्थिति में शिविर में विभाग द्वारा 346 गैस कनेक्शन का वितरण किया जा चुका है। जिसमें सूरजपुर और रामानुजनगर ब्लॉक के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 106 और 124 गैस कनेक्शन हितग्राहियों को वितरित किये गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में उज्वला योजना के तहत दिये जा रहे हैं गैस कनेक्शन में राज्य स्तर पर सूरजपुर जिले का स्थान दूसरा है।

